<u>कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।</u>

<u>प्रेस नोट</u>

दिनांक- 15.08.2024

विषय:- **पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कर पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण को पदक व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।**

आज दिनांक 15.08.2024 को 78वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स कमिश्नरेट वाराणसी में पुलिसकर्मियों और अधिकारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। पुलिस आयुक्त महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन हमें उन वीर स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान की याद दिलाता है, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें स्वतंत्रता दिलाई। उन्होंने उपस्थित पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने देश की अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने पुलिस विभाग के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पुलिसकर्मियों की कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण ने समाज में शांति और सुरक्षा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 महोदय के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को अति उत्कृष्ट सेवा पदक, उत्कृष्ट सेवा पदक, सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह प्रदान किये गये हैं। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा सम्बन्धित पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण को पदक व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

<u>स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर निम्न पदक व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया-</u>

- **शौर्य के आधार पर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश महोदय द्वारा दिया गया प्रशंसा चिन्ह 'गोल्ड'**

    1. श्री मनीष शान्डिल्य डीसीपी गोमती जोन, कमिश्नरेट वाराणसी

- **शौर्य के आधार पर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश महोदय द्वारा दिया गया प्रशंसा चिन्ह 'सिल्वर'**
    1. निरीक्षक श्री दिनेश कुमार यादव प्रभारी सर्विलांस सेल, कमिश्नरेट वाराणसी
    2. उ0नि0 श्री अमित यादव सर्विलांस सेल, कमिश्नरेट वाराणसी
    3. आरक्षी मनीष कुमार सर्विलांस सेल, कमिश्नरेट वाराणसी
    4. आरक्षी अश्वनी सिंह, सर्विलांस सेल, कमिश्नरेट वाराणसी
- **शौर्य के आधार पर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश महोदय द्वारा दिया गया "सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह"**
    1. उ0नि0 दीपक कुमार, पी0आर0ओ0 पुलिस आयुक्त महोदय, कमिश्नरेट वाराणसी
- **सेवा अभिलेख के आधार पर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश महोदय द्वारा दिया गया "सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह"**
    1. मु0आ0 चालक श्री वीरेन्द्र प्रसाद सिंह, कमिश्नरेट वाराणसी।
    2. मु0आ0 श्री अमरनाथ सिंह, कमिश्नरेट वाराणसी

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।